हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

11 नगर में निकाली सरदार 150 यूनिटी ...



12 नगर में माता परमेश्वरी महापुराण कथा का ...





## खबर संक्षेप



### रेलवे का सिद्धबाबा फाटक मरम्मत के लिए 15 तक बंद रहेगा

**भाटापारा।** रायपुर रेल मंडल में सिद्धबाबा समपार फाटक क्रमांक 385 किमी 766/13-15 में मीडिल लाइन 12 नवंबर को सुबह 10 से 15 नवंबर तक सुबह 10 बजे तक बंद रहेगा। आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं ।

### धान बिक्री के लिए अपने खसरों को एग्रीस्टैक पोर्टल में जुड़वाये किसान

**बलौदाबाजार।** राज्य सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी के निर्देश जारी किए है। सभी किसानों के खसरे का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। किसान अपने समस्त खसरों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कर लें, ताकि धान विक्रय में उन्हें असुविधा न हो। एग्रीस्टैक पोर्टल केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत सभी किसानों का डिजिटल भूमि एवं फसल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराना है।किसानों का पंजीयन एग्रीस्टैक पोर्टल में तो हो चुका है, किंतु उनके सभी खसरे अभी तक पोर्टल में सम्मिलित नहीं हो पाए हैं। ऐसे किसान अपने छूटे हुए खसरों को स्वयं या निकटस्थ सीएससी सेंटर के माध्यम से एग्रीस्टैक पोर्टल में जोड़ सकते हैं। इस प्रक्रिया के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है।

### स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ



**सिमगा।** एपीएल अपोलो प्रबंधन द्वारा 7 नवंबर को ग्राम रिंगनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में रिंगनी में 60 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। वहीं ग्राम डोंगरिया में 8 नवंबर को लगाए गये स्वस्थ्य शिविर में 90 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ लिया। शिविर में में शरद नायडू, प्रकाश मिश्रा, सुरेंद्र पाल, करूणाकर चौधरी, शुभम सिंह, प्रमोद पनिहार, पंकज टंडन, सरपंच पंच व ग्रामीण उपस्थित थे।

# धान खरीदी से पहले बिचौलिये सक्रिए, 350 कट्टा धान जब्त

**अवैध परिवहन रोकने जिले में बनाये गए हैं 12 स्थानों पर चेक पोस्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। संदिग्ध बिचौलियों के प्रतिष्ठानों पर दबिश दी जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रशासन की टीम के निरीक्षण के दौरान पांच प्रकरणों में कुल 345 कट्टा अवैध धान जब्त की गई।

जिला खाद्य अधिकारी के अनुसार 5 प्रकरणों में कसडोल मण्डी अंतर्गत ग्राम असनींद निवासी गणेश राम पटेल के प्रतिष्ठान से 60 कट्टा धान एवं सेल निवासी प्रेम लाल साहू के प्रतिष्ठान से 50 कट्टा धान जब्त किया गया। बलौदाबाजार मंडी अंतर्गत यहोवा ट्रेडर्स खोरसीनाला पनगांव से 125 कट्टा धान एवं निषाद ट्रेडर्स रसेड़ी से 50 कट्टा धान जब्त किया गया। इसी प्रकार सिमगा मंडी क्षेत्र के ग्राम किरवई में पूरन लाल साहू से 60 कट्टा धान मण्डी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी के पूर्व अवैध धान परिवहन रोकथाम हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अवैध परिवहन के लिए जिले में 12 स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किया गया है, जिसमें मण्डी, सहकारिता एवं राजस्व के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। टीम द्वारा अवैध धान खपाने वाले कोचियां एवं बिचौलियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

**परेशानी : किसानों को टोकन जारी नहीं हुआ**

# धान खरीदी पर संकट, सहकारी समिति कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के आह्वान पर 3 नवंबर से शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर अब प्रदेशभर में देखने को मिल रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी अंतिम चरण में होने के बावजूद व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आगामी 15 नवंबर से खरीदी प्रारंभ होनी है, लेकिन वर्तमान हालात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने चार प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन छेड़ा है, मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के 2058 सरकारी समिति कर्मचारियों को वेतनमान और सुविधाएं दी जाएं। प्रत्येक समिति को प्रतिवर्ष 3 लाख का प्रबंधकीय अनुदान स्वीकृत किया जाए। सेवा नियम 2018 में आर्थिक संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू किया जाए। समर्थन मूल्य पर खरीदी में धान परिवहन, सुखत, खाद-बीज, फसल बीमा और अन्य मदों में चार गुना वृद्धि की जाए। साथ ही कर्मचारियों ने मांग की है कि धान खरीदी नीति वर्ष 2024-25 के क्लॉज 11(33) में वर्णित आउटसोर्सिंग से कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति को रद्द किया जाए और विभागीय व्यवस्था से ही पद भरे जाएं।

सरकार भले ही तैयारियों का दावा कर रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकांश केंद्रों में किसानों के बैठने, पानी, शौचालय, सुतली और बारदाने जैसी मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध नहीं हैं। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार स्थिति अधिक जटिल दिख रही है।

कुल मिलाकर, सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल और प्रशासनिक सुस्ती के कारण इस बार धान खरीदी की शुरुआत पर संकट मंडरा रहा है।




**शासन को मांगों से अवगत कराया**

संघ पदाधिकारियों का कहना है कि पूर्व में भी शासन को अपनी मांगों से अवगत कराया गया था, तब आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था। मगर इस बार खरीदी सीजन से ठीक पहले सरकार की चुप्पी ने कर्मचारियों को दोबारा सड़क पर उतरने मजबूर कर दिया है। कई खरीदी केंद्रों में अभी भी बारदाना खोलने की अनुमति नहीं मिली है। अधिकांश जगहों पर ताले लटके हैं, वहीं समितियों के अध्यक्ष अपने स्तर पर बारदाना रखने की व्यवस्था कर रहे हैं।

**15 नवंबर से हर हाल में होगी खरीदी**

प्रशासन का दावा : तैयारियां पूरी सुहेला धान खरीदी केंद्र के प्रभारी तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा ने कहा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सहकारी समिति के कर्मचारी हड़ताल पर हैं, पर सरकार उनसे चर्चा कर रही है। उम्मीद है समाधान जल्द निकलेगा।वहीं, सहकारिता विभाग के सीईओ सिमगा मनोज कंवर ने बताया धान खरीदी की तैयारी पूर्ण है। 15 नवंबर शनिवार होने के कारण खरीदी संभवतः 17 नवंबर से प्रारंभ की जा सकती है। हड़ताल के बीच भी समितियों में प्रभारी अधिकारी और अध्यक्षों के माध्यम से बारदाने की व्यवस्था कराई जा रही है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए अब तक 3 लाख से अधिक गणना पत्रक का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर गणना पत्रक पहुंचाए जा रहा हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में 4 नवम्बर से बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण का कार्य शुरू किया गया है। बीएलओ द्वारा एक सप्ताह में 314103 मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में कुल 949277 मतदाता हैं, जिसमें से अब तक 314103 मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किया जा चुका हैं। इसमें कसडोल विधानसभा के 113192, बलौदाबाजार विधानसभा के 93310 और भाटापारा विधानसभा के 107601 मतदाता शामिल हैं। एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर- घर गणना चरण अवधि कार्य, 9 दिसम्बर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक दावे और आपत्ति की अवधि, 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक नोटिस चरण एवं 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### भाजपा मंडल ने मतदाता पुनरीक्षण के लिए बैठक ली



**लवन।** भाजपा मंडल लवन की मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित आवश्यक बैठक स्थानीय सिंघम काम्प्लेक्स लवन में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव उपस्थित हुए। बैठक में धनीराम धीवर ने कार्यकर्ताओं को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी मतदाताओं के नाम जुड़वाने में सहयोग की अपील की। मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव ने निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारी पार्टी प्रत्येक पंचायत में नामित बीएलए 2 घर-घर जाकर सभी मतदाताओं के नाम जुड़वाने में सहयोग करने के लिए अधिकृत किए गए है। बैठक मे मुख्य वक्ता के रूप मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव, बैठक प्रभारी पूर्व जिला मंत्री कृष्ण कुमार पटेल, कसडोल छाया विधायक धनीराम धीवर, जिला उपाध्यक्ष मीना बार्वे, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ गिरधारीलाल वर्मा, लवन मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, लवन नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुरानी रंजिश पर विवाद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गिधपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम जुनवानी में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर लोहे के धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के महज 6 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को जुनवानी निवासी आहत सुनहर दास दीदी पर उनके पड़ोसी आरोपी विद्याचरण भतपहरी और धनीराम भतपहरी ने मिलकर हमला कर दिया। प्रार्थी आहत के बेटे ने पुलिस को बताया कि जब वह घर पर था, तब उसकी पत्नी ने बाहर आकर बताया कि आरोपीगण उसके पिता ▶▶ शेष पेज 11 पर




**धारदार औजार से किया हमला**

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना गिधपुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने भ्रम भूत की बात पर हुए पुराने विवाद को लेकर आहत पर लोहे के औजार से जानलेवा हमला किया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## युवक की पेड़ पर मिली लाश, आत्महत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





नगर के सबसे पॉश कालोनी पारस नगर सेक्टर-1 निवासी दीपक साहू की कल सुबह घर से करीब 150 मीटर दूर खाली प्लाट में बबूल के पेड़ पर लटकती लाश मिली। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पूरे वार्ड समेत नगर में सन्नाटा पसर गया। घटना स्थल में मृतक दीपक साहू की बाइक के अलावा बैठने की दरी शराब की बोतले और ताश के पत्ते बिखरे पड़े थे। मोहल्लेवासियों की माने तो उस खाली प्लाट में बबुल पेड़ के नीचे कई सालों से असामाजिक तत्वों द्वारा नशापान और देर रात तक जुआ खेला जाता है, जिसकी शिकायत पूर्व में की तो गई, लेकिन पुलिस ने ना ही कोई कार्रवाई की और ना ही उस जगह झाकाने आयी। इसके बाद अब एक नवजवान युवक की लाश उसी जुआ खेलने वाले पेड़उ पर मिलना कई सवालों को खड़ा करता है। आत्महत्या के पीछे की वजह अब तक साफ सामने नहीं आ पायी है।

शशांक सिंह ने कहा कि प्राथमिकी जांच में आत्महत्या पाया गया है, शरीर में किसी तरह के चोट के निशान नहीं है। डाक्टर ने शॉट पीएम में आत्महत्या क्लियर किया है, जुआ फड़ और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शराब की अवैध बिक्री करते दो कोचिया गिरफ्तार





**बंगोली।** ग्राम मूरा में लंबे समय से जारी अवैध शराब बिक्री को लेकर ग्रामवासियों के बार-बार पत्र-व्यवहार और लामबंद होने के बाद आखिरकार पुलिस थाना खरोरा और आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की है। 8 नवंबर को स्थानीय मुखबिर की सूचना पर दो अवैध शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। दानीराम कोसले पिता स्व. घनश्याम दास कोसले 43 वर्ष साकिन ग्राम मूरा वार्ड 15 से 35 पौवा शेरा मसाला शराब ▶▶ शेष पेज 11 पर

**कामता में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक इंद्र साव**

# कांग्रेस पार्टी की असली ताकत है कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



भाटापारा विधानसभा अंतर्गत सिमगा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का दीपावली मिलन समारोह ग्राम कामता में विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया एवं ब्लॉक अध्यक्ष केके नायक व दीनबंधु शर्मा सहित सिमगा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों से आए कांग्रेस कार्यकर्ता तथा समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह में विधायक साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत हमारे कार्यकर्ता हैं। ऐसे आयोजन न केवल आपसी मेलजोल बढ़ाते हैं, बल्कि हमें जमीनी हकीकत जानने का अवसर भी देते हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों, युवाओं और आम जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेपरवाह है। महंगाई, बेरोजगारी किसानों की अनदेखी ने जनजीवन को प्रभावित किया है। अब समय आ गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर गांव-गांव जाकर जनविरोधी नीतियों का विरोध करें और जनता की आवाज को मजबूती से उठाएं।

तत्पश्चात अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. के. के. नायक, दिवाकर मिश्रा, राजमहंत जगमोहन मार्कण्डेय, मोहन गायकवाड, श्याम लाल देवांगन, हीरालाल साहू, मांधाता साहू, अजीत भट्ट, मनहरण सोनकर, दिनेश साहू, चंदू साहू, भिखारी गहरे, घनश्याम यादव, रंजीत सोनवानी, गणित वर्मा, भीष्म साहू, इनदरमन साहू, गणेश पुरी गोस्वामी, संतोष साहू, खगेश जांगड़े, लाला वर्मा, प्रभू यदु, धनसिंह, दीनबंधु शर्मा, हरि सोनकर, गोलू पाटकर, दशरथ चंद्राकर, आकाश मांडले, हरि घृतलहरे, अश्वनी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**सरकार से शीघ्र मुआवजा देने की मांग की**

उन्होंने कहा कि भाटापारा क्षेत्र के प्रत्येक गांव की समस्या उनकी प्राथमिकता में है और सरकार की लापरवाही के खिलाफ वे सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष करते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने धान खरीदी हेतु एग्रीटेक पंजीयन की जटिल प्रक्रिया पर नाराजगी जताई तथा बेमौसम बारिश से धान फसल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और एकता की भावना का संचार होता है।

## महानदी पुल पर दो बाइक में भिड़ंत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी-शिवरीनारायण को जोड़ने वाले शबरी सेतु महानदी पुल पर मंगलवार शाम लगभग 7 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब काले रंग की बिना नंबर की पल्सर बाइक पर सवार लक्षन पटेल पिता लोकनाथ पटेल निवासी दुरपा और उनके साथी राजू पटेल पिता फिलेश पटेल निवासी बिर्रा घटमडवा गिधौरी की ओर से दुरपा जा रहे थे।

वहीं, ग्राम कुम्हारी निवासी राहुल प्रधान पिता अंतर्यामी प्रधान 21 वर्ष अपनी बाइक क्र. सीजी 04 एमवाय 3243 से शिवरीनारायण से काम निपटाकर वापस लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि महानदी शबरी सेतु पुल पर तेज रफ्तार से आ रही पल्सर बाइक ने कुम्हारी निवासी राहुल प्रधान की बाइक को जबरदस्त आमने-सामने से टक्कर मार दी।



**घायल युवक का इलाज जारी**



इस भिड़ंत में एचएफ डीलक्स चला रहे राहुल प्रधान 21 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत शिवरीनारायण स्थित बघेल हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को जब्त कर थाने भेज दिया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## खबर संक्षेप



### पं. रविशंकर पुरस्कार से सम्मानित हुए राजेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की राज्य अलंकरण अवसर पर आयोजित भव्य राज्यस्तरीय समारोह में महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के पूर्व चेयरमैन एवं रियल ग्रुप के प्रतिष्ठित उद्योगपति राजेश अग्रवाल को उनके बहुमूल्य सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पं. रविशंकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दिया। इस उपलब्धि पर महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज परिवार ने हर्ष जताया। इस अवसर पर मंच में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, गृहमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहे। यह पुरस्कार विशिष्ट व्यक्ति को दिया जाता है, जिन्होंने समाज और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। समारोह में राज्य के मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, उद्योगपति, समाजसेवी एवं छात्र प्रतिनिधि, प्राचार्य डॉ. जासमीन जोशी, उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी, एडमिनेस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दूधाधारी भवन में सियाराम महाराज का किया सम्मान



**रायपुर।** दूधाधारी मठ महोत्सव के उपलक्ष्य में दूधाधारी सत्संग भवन में संगीतमय श्रीरामकथा एवं भव्य संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या से पधारे सियाराम शरण महाराज के मुखारबिंद से संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान सभी श्रद्धालुओं और श्रोताओं को कराया जा रहा हैं, जिसमें सोमवार को समाज सेवक प्रशांत पाण्डेय कथा श्रवण करने पहुंचे एवं मंच पर विराजमान कथावाचक सीताराम शरण महाराज का शॉल और श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मतदाता हेल्प डेस्क में बीएलओ सुपरवाइजरों की नियुक्ति

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत जिला एवं सभी तहसील स्तरों पर मतदाता हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क की स्थापना की है। इस संबंध में पात्र मतदाताओं को सहायता प्रदान करने तथा प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बीएलओ सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है। जिला स्तरीय में रौशनी, तहसील स्तरीय धरसींवा, भावेश वर्मा पटवारी खरोरा, अनिमेश श्रीवास्तव पटवारी तिल्दा, दिनेश कुमार डहरिया पटवारी, मंदिरहसौद ओम प्रकाश देवांगन पटवारी, आरंग महेंद्र वर्मा पटवारी रायपुर, हेमंत भतपहरी ए.आर.आई, अभनपुर नंद कुमार साहू पटवारी, गोबरा-नवापारा अकक्ष चंद्राकर पटवारी को नियुक्त गया है। मतदाता हेल्प डेस्क में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन तथा इपिक संबंधित जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

# राज्य स्तरीय वुडबॉल स्पर्धा में अक्षय कुमार को मिला रजत पदक

## राजधानी रायपुर में आयोजित प्रतियोगिता में 12 जिलों की टीमों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी रायपुर में आयोजित छठवीं सीनियर एवं जूनियर राज्य स्तरीय वुडबॉल चैंपियनशिप में बलौदाबाजार के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 12 से अधिक जिलों की टीमें शामिल हुईं। बलौदाबाजार के अक्षय कुमार टंडन ने पुरुष सिंगल्स इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। वहीं बलौदाबाजार चैंपियंस की जूनियर टीम ने भी सामूहिक खेल भावना का परिचय देते हुए रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की।जूनियर वर्ग में मयंक, तन्मय, पुष्कर, अभिषेक, मेघराज और कमल ने टीम इवेंट में रजत पदक हासिल किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को दीपक कुमार अग्रवाल, जितेंद्र पटेल, गौरी टंडन और सजन कुमार साहू ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। व्यक्तिगत श्रेणियों में भी बलौदाबाजार के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा जूनियर सिंगल्स इवेंट में गणेश ने स्वर्ण पदक और प्रणीत ने रजत पदक जीता जूनियर मिक्स्ड डबल्स में यश और हेमशिखा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जूनियर डबल्स इवेंट में आदित्य और भावेश ने रजत, जबकि अभिनव और कपिल ने कांस्य पदक हासिल किया। सीनियर डबल्स इवेंट में श्रृंगी सर और होम सिंह ने कांस्य पदक जीता।



### खेल भावना, अनुशासन एवं धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा दी

अपनी उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए अक्षय कुमार टंडन ने कहा कि इस सफलता का श्रेय वे अपने कोच जितेंद्र पटेल को देते हैं, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा ने उन्हें और उनकी टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार किया। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी ट्रेनिंग श्रृंगी द्वारा दी गई, जो स्वयं एक अंतरराष्ट्रीय वुडबॉल खिलाड़ी हैं।प्रतियोगिता से लौटने के बाद सभी खिलाड़ियों ने एसपी बलौदाबाजार भावना गुप्ता एवं खेल अधिकारी प्रीति बंछोर से मुलाकात की और अपने अनुभव साझा किए।शाश्वत लिटिल स्टार विद्यालय के संचालक गिरीश पटेल ने खिलाड़ियों का हार्दिक स्वागत किया और उन्हें खेल भावना, अनुशासन एवं धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने खिलाड़ियों के रायपुर आने-जाने की व्यवस्था भी की।

## सुबह से देर शाम तक 3 जोन पहुंचकर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की

# भाठागांव में 15 दिनों से कचरा कलेक्शन ठप महापौर ने रामकी के अधिकारी को फटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाठागांव में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित चंदनविहार, ब्रम्हविद स्कूल में 15 दिनों से कचरा कलेक्शन ठप पड़ा है। इस बात को लेकर महापौर मीनल चौबे ने रामकी कंपनी के अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। इसी तरह गोलबाजार और शास्त्री बाजार में समय पर कचरा नहीं उठाने से मवेशियों के झुंड और उससे फैलने वाली गंदगी की शिकायत मिली।

महापौर ने तत्काल जोन 4 के अधिकारी को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखें। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के गाड़ी की टाइमिंग सुधारने रामकी के सिटी प्रतिनिधि को निर्देश दिए। दरअसल, शहर की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने महापौर मीनल चौबे अब नगर निगम के दस जोन में जाकर वहां के पार्षदों, जोन अध्यक्ष, निगम के अधिकारी और रामकी के सिटी हेड के साथ बैठक ले रही हैं। सोमवार को उन्होंने वार्ड पार्षदों के सफाई की शपथ दिलाई। तीन जोन में अलग-अलग समय पहुंचकर उन्होंने सफाई कार्य की समीक्षा की। मोतीबाग चौक के जोन कार्यालय में हुई बैठक के दौरान वार्ड पार्षदों ने शास्त्रीबाजार, गोल बाजार के अलावा वार्डों में सफाई व्यवस्था के संबंध में रामकी की कार्यप्रणाली को लेकर महापौर के सामने शिकायत की। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ी की टाइमिंग को लेकर भी लोग नाराज रहे। जोन 5 और जोन 7 कार्यालय में भी सफाई व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक हुई।

### पार्षदों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



- शास्त्री बाजार, गोलबाजार में कूड़ा उठाने की टाइमिंग सही नहीं, अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने निर्देश

*ये रहे उपस्थित : जोन कार्यालय में हुई बैठक में जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, अंबर अग्रवाल, श्वेता विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य सुमन - अशोक पाण्डेय, मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, अमर गिदवानी , पार्षद दुर्गा साहू, मीना ठाकुर,आशु चंद्रवंशी, कृष्णा सोनकर, आनंद अग्रवाल, अजय साहू, पार्षद प्रतिनिधि सोनू तिवारी, संतोष हियाल, प्रकाश जगत, जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा, संबंधित जोन के कार्यपालन अभियंता,जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहित रामकी कंपनी के स्थानीय अधिकारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।*

### जयस्तंभ से कोतवाली चौक तक नो फ्लैक्स जोन

*शहर को साफ सुथरा रखने की कड़ी में महापौर मीनल चौबे ने सोमवार को राजधानी के जयस्तंभ चौक से कोतवाली चौक तक लगाए गए सभी फ्लैक्स को दो दिन के अंदर हटाने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र के डिवाडर और पोल पर किसी भी तरह के बैनर पोस्टर लगाने की मनाही की है। महापौर ने जयस्तंभ चौक से सिटी कोतवाली चौक तक नो फ्लैक्स जोन घोषित किया है। छोटी और संकरी इस रोड में बैनर, फ्लैक्स लगाए जाने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी, अब यह समस्या दूर हो जाएगी।*

### महापौर ने जताई नाराजगी

बैठक के दौरान वार्ड पार्षदों ने भाठागांव के प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर स्थित चन्दन विहार, ब्रम्हविद स्कूल में पिछले 15 दिन से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन नहीं होने की शिकायत की। शिकायत मिलने पर महापौर मीनल चौबे ने रामकी के अधिकारी को जमकर फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने निर्देश दिए। सफाई कार्य कोताही के लिए जोन के संबंधित अधिकारी को रामकी पर पेनाल्टी लगाने और नियमित रूप से डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन कराने हिदायत दी। महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर कहा, सफाई कार्य उनकी प्राथमिकता है और सभी घरों से प्रतिदिन शत - प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। महापौर ने सभी नियमित और ठेका सफाई कामगारों की ड्यूटी पर शत - प्रतिशत संख्या में निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देश दिए। जोन स्तर पर ली गई बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा, सफाई व्यवस्था सुधार कार्य में कोई कोताही कदापि सहन नहीं की जाएगी, न ही कूड़ा उठाने में कोई बहानेबाजी चलेगी। प्रतिदिन शहर का कचरा उठना चाहिए, शहर राजधानी के अनुरूप साफ दिखना चाहिए।

# राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम योजना ठंडे बस्ते में, तीन साल में न टारगेट मिला न फंड जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एलपीजी और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने लाई गई राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम योजना का लाभ पिछले तीन साल से हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है। इस योजना के तहत पिछले तीन साल से न ही जिले को कोई टारगेट मिला है और न ही इसके लिए कोई फंड जारी हुआ है। फंड जारी नहीं होने के कारण यह योजना अब ठंडे बस्ते में चली गई है। इधर छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (क्रेडा) के अधिकारियों का यह भी कहना है कि टारगेट एवं फंड नहीं मिलने से इस योजना से जुड़कर कार्य करने वाले लोग भी काम छोड़ चुके हैं। स्थिति यह है कि इस योजना के तहत अब रायपुर सहित प्रदेश में टारगेट मिलना ही बंद हो गया है।

### अब तक 4599 घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित

क्रेडा के जिला अधिकारियों से मिले आकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में जब से योजना शुरू हुई तब से लेकर अब तक 4599 घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिला है, जिनके यहां 50 वर्गमीटर से अधिक खाली जगह एवं 4 से अधिक पशु हैं। योजना के तहत घरेलू बायोगैस संयंत्र 2 घन मीटर से लेकर 6 घन मीटर तक स्थापित किए गए हैं।

*रखरखाव नहीं होने से ज्यादातर संयंत्र खराब : सूत्रों के अनुसार घरेलू बायोगैस संयंत्र को स्थापित किए जाने के साथ इसके इस्तेमाल का प्रशिक्षण देने के साथ संयंत्र के रखरखाव के लिए पांच साल की वारंटी दी गई थी, लेकिन इस वारंटी के तहत कहीं एक साल तो कहीं दो साल ही संयंत्रों का रखरखाव किया गया। इसके कारण ज्यादातर घरों में लगे संयंत्र बिगड़े पड़े हुए हैं, जिसके कारण अब इस संयंत्र का हितग्राही इस्तेमाल करना ही छोड़ दिए हैं। यहीं कारण है कि संयंत्र लगाने के लिए अब हितग्राही भी रूची नहीं ले रहे हैं।*

### दो तीन साल से योजना बंद

दो-तीन साल से योजना बंद पड़ी है। इस योजना के तहत अब टारगेट मिलना बंद हो गया है। इसके कारण घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित भी नहीं किए जा रहे हैं।

- **वैभव दुबे,** सहायक अभियंता क्रेडा

### 2 से 4 घन मीटर एवं 6 घन मीटर के लिए अलग-अलग सब्सिडी

इस योजना के तहत 2 से 4 घन मीटर तथा 6 घन मीटर बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की अनुदान राशि अलग-अलग निर्धारित है। इसके तहत 2 से 4 घन मीटर के लिए केंद्रांश 14350 एवं राज्यांश 9000 कुल 23350 रुपए अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार 6 घन मीटर में केंद्रांश 22750 रुपए तथा राज्यांश 9000 रुपए कुल 31750 रुपए है।

# इंद्रावती में विलुप्त प्रजाति के ऊदबिलाव होने की पुष्टि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के ज्यादातर वन क्षेत्र जैव विविधता से संपन्न हैं। इसी कड़ी में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के नदी में विलुप्त प्रजाति के स्मूथ-कोटेड ऑटर (ऊदबिलाव) की तीनों प्रजाति होने की पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने की है। आईयूसीएन ने इस संबंध में बुलेटिन पेपर जारी किया है। अंतर्राष्ट्रीय संस्था आईयूसीएन विलुप्त प्रजाति के वन्यजीवों के लिए काम करने वाली संस्था है। विलुप्त प्रजाति के वन्यजीवों की खोज करने वाली संस्था नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े एम. सूरज, मोइज अहमद, आलोक कुमार साहू, कृष्णेंदु बसाक तथा मयंक बागची ने आईटीआर के डिप्टी डायरेक्टर संदीप बल्गा के मार्गदर्शन में विलुप्त प्रजाति के ऊदबिलाव की खोज की। पुष्टि करने फोटोग्राफ्स तथा पेपर आईयूसीएन के पास भेजे। फोटोग्राफ्स तथा पेपर का अध्ययन करने के बाद आईयूसीएन ने विलुप्त तीनों प्रजाति के ऊदबिलाव की पुष्टि की।

*इन देश के साथ राज्यों में ऊदबिलाव पाए जाते हैं : विलुपेत प्रजाति के ऊदबिलाव अब तक भारत, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई हिस्सों में पाए गए हैं। भारत में मुख्यतः दलदल, मैंग्रोव (सुंदरबन), गंगा-बरह नदी क्षेत्र, गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा, और तटीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इसके बाद छत्तीसगढ़ के इंद्रावती टाइगर रिजर्व में ऊदबिलाव देखा गया है। इंद्रावती में देखे गए ऊदबिलाव का परिवार भारत में पाई जाने वाली तीनों प्रजातियों में सबसे बड़ी है।*

# छत्तीसगढ़ लिपिक कर्मचारी कल्याण संघ का राजधानी में हुआ प्रांतीय सम्मेलन



**मुड़पार-सरसीवां।** छत्तीसगढ़ लिपिक कर्मचारी कल्याण संघ का प्रांतीय सम्मेलन साधुराम नेताम प्रांतीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में रायपुर में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के समस्त जिले व संभाग से पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में भर्ती नियम में संशोधन के संबंध में एवं लिपिकीय वर्ग की अहम समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें भर्ती नियम संशोधन की लड़ाई हेतु कोर कमेटी का गठन, संगठन को मजबूत करने सभी जिलों में पूर्ण रूप से सदस्यता के संबंध में चर्चा, सभी जिला में अनिवार्य बैठक पर चर्चा, संभागीय अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने जिलों में गहन दौरा कर संगठन को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई। 12 नवंबर को होने वाली बैठक में संभागीय अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने जिलों का गहन मॉनिटरिंग कर प्रांत स्तर को जानकारी देने के सम्बन्ध में चर्चा हुई। सभी ने अपने हक अधिकार के लिए आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। रायपुर संभाग के संभागीय अध्यक्ष नितिन पांडे द्वारा सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नर्सिंग स्टाफ की कमी से जूझ रहे हेल्थ सेंटर भर्ती परीक्षा के बाद नियुक्ति करना भूला विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस बीच स्वास्थ्य संचालनालय भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन करने के बाद नियुक्ति करना भूल गया है। आयोजित प्रवेश परीक्षा के परिणाम महीनेभर पहले घोषित हो चुके हैं, मगर चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति और दस्तावेज के सत्यापन का काम पूरा नहीं हो पाया है। चयनित अभ्यर्थी भी नियुक्ति पत्र मिलने की राह ताक रहे हैं।

राज्य में स्वास्थ्य विभाग डाक्टरों के साथ नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। राज्य के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों में दोनों के 6300 से ज्यादा पद खाली हैं। इस कमी को पूरी करने के लिए विभाग अलग-अलग स्तर पर भर्ती कर रहा है। इसी दौर में अगस्त में स्वास्थ संचालनालय द्वारा रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर में सवा दो सौ नर्सिंग स्टाफ की भर्ती के लिए व्यापम के माध्यम से भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था।

15 सितंबर को आयोजित इस परीक्षा का परिणाम पिछले महीने घोषित हो गया। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच और ज्वाइनिंग की अटकी प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। शासकीय सेवा में आने की आस लगाकर बैठे चयनित उम्मीदवार महीने भर से इस संबंध में आदेश जारी होने का इंतजार कर रहे हैं।

### सवा दो सौ पदों पर होनी है भर्ती, महीनेभर बाद भी दस्तावेज का सत्यापन नहीं



### संविदा आधार पर चल रहा काम

*इधर आंबेडकर समेत अन्य शासकीय मेडिकल कालेज से संबंधित अन्य अस्पतालों भी नर्सिंग स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। नियमों के विपरीत तीस-तीस बेड के वार्डों में दो से तीन नर्स ड्यूटी कर रही हैं। इसकी वजह से मरीजों की तीमारदारी नहीं हो पा रही है और संख्या कम होने के वजह से मरीजों और चिकित्सकीय स्टाफ के बीच विवाद की स्थिति भी बनती जा रही है। आंबेडकर अस्पताल में तो नर्सिंग स्टाफ की कमी की समस्या दूर करने के लिए संविदा और दैनिक वेतन के आधार पर भी नर्सिंग स्टाफ की आउट सोर्सिंग की गई है।*

# रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिली नई सुविधा, प्लेटफॉर्म सात पर एस्केलेटर हुए शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अब प्लेटफॉर्म क्रमांक 7 पर दो नए एस्केलेटर शुरू हो गए हैं। ये एस्केलेटर स्टेशन के नए फूट ओवरब्रिज के पास लगाए गए हैं, जिससे अब यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में आसानी होगी। एस्केलेटर की सुविधा का उद्घाटन रायपुर मंडल रेल प्रबंधक दयानन्द ने किया। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) शबिब अहमद, वरिष्ठ मंडल विद्युत



इंजीनियर विवेक पटेल और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर उत्कर्ष पांडेय समेत रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे। यह सुविधा खासकर बुजुर्गों, दिव्यांग यात्रियों और सामान लेकर चलने वालों के लिए राहत लेकर आई है। अब उन्हें प्लेटफॉर्म पर चढ़ने-उतरने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

# आरएसएस का घर-घर संपर्क अभियान, बता रहे संघ के काम, दे रहे भारत माता की तस्वीर

- अगले माह 1601 मंडलों और 666 बस्तियों में होंगे हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए ग हैं। अक्टूबर में 15 दिनों तक प्रदेश में दो हजार स्थानों में पंथ संचलन का कार्यक्रम किया गया है। सबसे अहम प्रदेश के सभी हिंदू परिवारों के घरों तक जाने का कार्यक्रम है। इसको लेकर इस माह से घर-घर संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम पूरे माहभर चलेगा। प्रदेश के सभी हिंदू घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे। अब तक जितने घरों से स्वयंसेवक पहुंचे हैं, उनको आरएसएस के बारे में बताने के साथ ही सभी को भारत माता की तस्वीर भेंट की जा रही है। इसके बाद दिसंबर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन होगा। इसमें आरएसएस के 1601 मंडल और शहरी क्षेत्रों की 666 बस्तियां शामिल हैं। इन सम्मेलनों में साधु, संतों के साथ समाज के प्रमुखों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसी के साथ साल भर लगातार कार्यक्रम होंगे। आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में सालभर के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। इसका आगाज विजयादशमी से किया गया। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार दो अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया।




### पूरे प्रदेश में चल रहा अभियान

पूरे प्रदेश के सभी जिलों में घर-घर संपर्क अभियान प्रारंभ हो गया है। हर हिंदू के घर तक पहुंचने का प्रयास रहेगा।

- **टोपलाल वर्मा,** प्रांत संघचालक

### दिसंबर में होंगे हिंदू सम्मेलन

आरएसएस ने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों का रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन होंगे। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन होंगे। प्रांत संघ चालक टोप लाल वर्मा ने बताया, हिंदू सम्मेलन करने का मकसद समाज को संगठित करना है। सम्मेलनों में मंडलों से जुड़े गांवों के लोगों को एक मंच पर लाएंगे। सम्मेलन में साधु, संतों के साथ विभिन्न समाज से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। इसमें इनका मार्गदर्शन मिलेगा।

# बृजमोहन बोले- रायपुर में एक लाख से ज्यादा फर्जी मतदाता, पुनरीक्षण जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, अकेले रायपुर में ही एक लाख से ज्यादा फर्जी मतदाता हैं। लोकतंत्र की सशक्तता और पारदर्शिता के लिए आवश्यक है कि कोई भी वैध मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे और कोई भी फर्जी मतदाता, मतदाता सूची में शामिल न हो। इसके लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण जरूरी है। श्री अग्रवाल ने सोमवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पुरानी बस्ती, लाखे नगर, भाटागांव, सदर बाजार और सिविल लाइन मंडल के ब्लॉक लेवल एजेंट्स एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने कहा, यह समय मतदाता सूची को शुद्ध करने का है और प्रत्येक कार्यकर्ता को इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## खबर संक्षेप



### ऊर्जा संरक्षण पर स्कूल में हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**अर्जुनी**। पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी में ऊर्जा संरक्षण पर विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा आठवीं से हंसिका वर्मा प्रथम और कलश चंद्राकर द्वितीय स्थान पर रहे । इस चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय आए बच्चे राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेंगे साथ ही प्रथम एवं द्वितीय छात्राओं को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के शिक्षक जयप्रकाश यदु ने बच्चों को यह संदेश दिया कि कड़ी मेहनत ही सफलता की सीढ़ी है। इस मौके पर प्रधानपाठक वंदना साव, शिक्षक अनुराधा वैष्णव, गोपाल सिंह वर्मा, जयप्रकाश यदु सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पचेड़ा में ट्रांसफार्मर से सामानों की चोरी

**महासमुंद**। ग्राम पचेड़ा के चरचरीभाटा खार पंप लाइन में लगे 16 केवीए ट्रांसफर के सामानों की चोरी के मामले में खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड खट्टी के जूनियर इंजीनियर प्रखर चंद्रवंशी ने बताया कि 7-8 नवंबर को वितरण केंद्र खट्टी के अंतर्गत ग्राम पचेड़ा के चरचरीभाटा खार पंप लाइन में लगे 16 केवीए ट्रांसफार्मर के अंदर लगे क्वाइल, कोर, कॉपर वायर, आयल एवं तांबा के सामानों कीमत 45 हजार रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अनियंत्रित ऑटो पलटने से चालक की मौत

**महासमुंद**। अनियंत्रित होकर ऑटो के पलटने से चालक की हुई मौत के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद जुर्म दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मृतक नितेश हरपाल पिता स्व गोपीनाथ हरपाल (35 वर्ष) वार्ड न. 30 नया रावण भाठा महासमुंद का मर्ग जांच किया गया। मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक आटो चालक नितेश हरपाल रात्रि 9 बजे आटो क्र सीजी 06 एचए 1956 को लेकर महासमुंद से खैरा की ओर जा रहा था। शिवालय पार्क कालोनी एनएच 353 रोड खैरा के पास अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से ऑटो अनियंत्रित होकर रोड में बना डिवाइडर से टकरा गई।

## पेज 9 के शेष

### पुरानी रंजिश पर...

की मारपीट कर रहे हैं। बाहर आकर प्रार्थी ने देखा कि दोनों आरोपी लोहे के दांव से उसके पिता पर जानलेवा हमला कर रहे थे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। आहत सुनहर दास को इलाज के लिए निजी हॉस्पिटल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गिधपुरी में धारा 109, 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### शराब की अवैध...

कुल 6.300 लीटर जब्त की गई। इसी प्रकार संजय वर्मा पिता नंदकुमार वर्मा 42 वर्ष साकिन मूरा से 17 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब 3.060 लीटर जब्त की गई। दोनों आरोपियों को धारा 34(2) एवं 34(1) ब आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

# हाईस्कूल में साइबर सिक्योरिटी और जागरूकता शिविर लगा

## एस एसोसिएशन ने कहा - तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध प्रति जागरूक रहे छात्र

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी**

हाईस्कूल कुम्हारी में मंगलवार को एस एसोसिएशन के तत्वावधान में साइबर सिक्योरिटी वर्कशॉप, मीटिंग एवं साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में थाना गिधौरी की टीम विशेष रूप से एस एसोसिएशन मीटिंग में उपस्थित रही।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और इनसे बचाव के लिए सतर्क रहना कितना आवश्यक है। एस एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य है हर नागरिक को साइबर अपराधों से जागरूक और सुरक्षित बनाना। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल इंडिया के इस युग में हमें सिर्फ स्मार्ट नहीं, बल्कि साइबर स्मार्ट नागरिक बनना होगा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका समाधान अधिकारियों ने सरल और प्रभावी ढंग से दिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने एस एसोसिएशन और थाना गिधौरी की टीम का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा जताई। इस दौरान छात्र -छात्रा एवं स्कूल स्टाफ सहित गिधौरी पुलिस मौजूद थे।





### संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें

एस एसोसिएशन एवं थाना गिधौरी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, ओटीपी स्कैम, सोशल मीडिया हैकिंग, फिशिंग लिंक जैसी घटनाओं के उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया। उन्होंने यह भी समझाया कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

# नगर में निकाली सरदार 150 यूनिटी मार्च पदयात्रा

**सांसद बृजमोहन अग्रवाल हुए शामिल, गिनाई सरदार पटेल की उपलब्धि**

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार**

लौह पुरुष और देश की एकता-अखंडता के शिल्पी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के बलौदाबाजार में सरदार 150 यूनिटी मार्च पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक पदयात्रा लगभग 13 किलोमीटर लंबी रही, जिसका शुभारंभ डीएवी स्कूल सकरी से हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत में पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पौधा रोपित किया गया, जिससे प्रकृति संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया गया। इसके पश्चात यात्रा लिमाही, गोंडखपरी और दशरमा मार्गों से होती हुई अटल चौक बलौदाबाजार पहुंची, जहां विशाल जनसमूह की उपस्थिति में इसका समापन हुआ।





इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा से देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर 'एक भारत, अखंड भारत' का सपना साकार किया। उनका जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरदार पटेल के विचारों और आदर्शों से प्रेरित होकर देश को एकता के सूत्र में जोड़ रहे हैं। कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, पटेल के अधूरे स्वप्न को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

अग्रवाल ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में भारत आज विश्व शक्ति के रूप में उभर रहा है और एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संकल्प साकार हो रहा है। यह पदयात्रा राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और देशभक्ति की भावना को सशक्त करने का माध्यम बनेगी।

इस विशाल एकता मार्च में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# खाद्य विभाग ने मेडिकल दुकानों से एर्नजल इलेक्ट्रोलाइट का लिया सैम्पल



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार**

नियंत्रक आयुक्त खाद्य सुरक्षा दीपक कुमार अग्रवाल एवं निदेशक विनियामक अनुपालन प्रभाग एफएसएसएआई द्वारा प्रदेश में विक्रय किये जा रहे रेडी-टू-सर्व खाद्य, पेय पदार्थों पर ओआरएस शब्द के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाई है। इस्तेमाल करते पाये जाने पर भ्रामक मानते हुए कार्यवाही के निर्देश जारी किये गये। निर्देश के अनुपालन में अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले में मेडिकल एजेंसी, मेडिकल स्टोर्स में ओआरएस, पूर्नजलीकरण, इलेक्ट्रोलाईट पेय के रूप में विक्रय की जा रही पदार्थों की सतत जांच की जा रही है।

- वैध पंजीयन तक क्रय - विक्रय पर लगाया प्रतिबंधित

मंगलवार को मेटीम द्वारा जगदम्बा मेडिकल एजेंसी भाटापारा का निरीक्षण कर एर्नजल इलेक्ट्रोलाइट पेय जांच के लिए नमूना लिया गया। बलौदाबाजार शहर में मिरी फार्मेसी का निरीक्षण के दौरान बिना वैद्य खाद्य पंजीयन के शिशु आहार, ग्लूकोज पाउडर, प्रोटीन पाउडर व इलेक्ट्रोलाईट्स पेय का विक्रय करते पाया गया। शंका के आधार पर ओरालाईट इलेक्ट्रोलाईट पेय का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है । उक्त फर्म को वैद्य खाद्य पंजीयन पदार्थ क्रय -विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दिल्ली धमाका के बाद नगर पुलिस भी अलर्ट



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा**

देश की राजधानी दिल्ली में नगर क्षेत्र की पुलिस भी अलर्ट है। भाटापारा आरपीएफ, जीआरपी की टीम भी सघन जांच अभियान चला रही है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला के निर्देश पर सब इंसपेक्टर सीएस मिश्रा व उनकी टीम ट्रेन, प्लेटफार्म, वेटिंगहाल सहित पूरे स्टेशन एरिया में सघन जांच अभियान चला कर स्थिति पर सतत निगरानी रखी है। हर संदिग्धों की जांच पड़ताल की जा रही है। ज्ञात हो कि प्रतिदिन यहां से 10 से 15 हजार लोग आवाजाही करते हैं। जांच के दौरान यात्रियों के आने जाने वालों पर सघन निगरानी रख सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा रही है।

# बकरी पालन का 6 गांवों के किसानों ने लिया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी**

अंबुजा फाउंडेशन रवान के सौजन्य से 6 दिवसीय बकरी पालन पर प्रशिक्षण दिया गया। पशुधन विकास विभाग अर्जुनी के पशु चिकित्सक डॉ. संतोष साहू द्वारा अंबुजा फाउंडेशन के आसपास के 33 गांव में बकरी पालन को चार स्तंभ में बकरी का अच्छी नस्ल का चुनाव, बकरी पोषण, बकरी आवास और बकरी स्वास्थ्य के बारे में लोकल भाषा में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिससे सभी बकरी किसान लाभान्वित हुए। बलौदाबाजार के पशु चिकित्सक डॉ. अर्चना टंडन, डॉ. नेहा यादव, एम्बुलेंस व अंबुजा फाउंडेशन से तजेंदर विष्णु व उन्नत टीम के सभी पशु सखी व सामुदायिक पशुधन उपस्थित रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के उपचार, टीकाकरण, बधियाकरण, छोटे शल्य क्रिया, कृत्रिम गर्भाधान, सैम्पल कलेक्शन, जांच, रोग की रोकथाम व बचाव के लिए पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जिले के सभी 5 विकासखंडों में मोबाइल वेटनरी युनिट संचालित किया जा रहा है।





# आत्मा का परमात्मा से मिलन ही रास है

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी**

ग्राम चांदन, राजादेवरी में वृंदावन निवासी अनुरागिनी ममता शर्मा की भागवत कथा जारी है, जहां बड़ी की संख्या में भक्त गण पहुंचकर भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा वाचिका ममता शर्मा ने आज के समय में रास लीला शब्द के गलत रूप में फ़ैल रही भ्रांतियां को दूर करते हुए कही कि वास्तव में रास लीला समस्त गोपियों के आत्मा की, भगवान श्री कृष्ण रूपी परमात्मा में विशुद्ध रूप से विलीन होना ही रास लीला है ।

- चांदन, राजादेवरी में कथावाचिका ममता शर्मा की भागवत कथा जारी

इस भागवत कथा के रसपान में गंगाधर पटेल, डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, साधराम चौधरी, युधिष्ठिर नायक, तिलक नायक, देव राम डडसेना, पीतांबर पटेल, लोकनाथ बारिहा, सुखलाल निषाद, मुरलीधर मिश्रा, जान मोहम्मद खेमा निधि पटेल, बोलो राम, बुधराम नायक, खान, हेमलाल पटेल, धनीराम नाग, लखन बरिहा, सर्विस बंदे, त्रिलोचन पटेल, चमार सिंह पटेल सहित जन प्रतिनिधि, शामिल होकर कथा का रस पान कर रहे हैं।

# शिक्षक फेडरेशन ने ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी**

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई पलारी के कार्यकारिणी का विगत दिनों विस्तार किया गया, जिसमें लोचन प्रसाद बांधे निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सोशल मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष खगेश कुमार रात्रे, संरक्षक चुम्मन लाल साहू एवं हरीश यादव,ब्लॉक सचिव दिलेश्वर प्रसाद भारद्वाज, ब्लॉक कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पैकरा, ब्लॉक उपाध्यक्ष चुम्मन लाल साहू एवं अनिल आडिल, सह-सचिव वंदना वर्मा, कन्हैया साहू एवं शेषनारायण ध्रुव नियुक्त किए गये। इसी प्रकार महासचिव श्रवण कुमार साहू एवं टेमसिंह तेहरवंश,



महामंत्री दिनेश सिंह ठाकुर एवं शशिप्रभा वर्मा, संयुक्त सचिव मोहन गायकवाड़ एवं धनंजय ध्रुव,संगठन सचिव नवल किशोर चन्द्राकर एवं दिलीप कुमार साहू, प्रवक्ता कमलेश ध्रुव, भैलेन्द्र रात्रे एवं डोमन साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गौरी सिंह को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष सतरूपा विश्वकर्मा एवं अन्नपूर्णा ध्रुव, उपाध्यक्ष संध्या पैकरा एवं अंजूलता पाठक, विशेष आमंत्रित सदस्य अजय कुमार मिश्रा, राजेन्द्र वर्मा, घनश्याम प्रसाद राय एवं रंजिता कन्नौजे, ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य केशरी लाल सरशीहा, हेमन कुमार रात्रे, ओमप्रकाश वर्मा, भेखलाल साहू, कुमार गौरव साहू ,हेमराज दीवान, हेमलाल ध्रुव, रामजी नारंग, हीरामन कोसले, भुवन लाल चौबे, देवकुमार जांगड़े, प्रेमशंकर दीवान, पुनीत टण्डन, थानेश्वर चन्द्रवंशी, प्रकाश भतपहरी, इन्दर्मन वर्मा, रामकुमार जायसवाल, मीना ध्रुव, रजनी बंजारे आदि को चयन किया गया।

# मोबाइल वेटनरी यूनिट गांव-गांव में पशुओं का उपचार करने में जुटी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार**

ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के उपचार, टीकाकरण, बधियाकरण, छोटे शल्य क्रिया, कृत्रिम गर्भाधान, सैम्पल कलेक्शन, जांच, रोग की रोकथाम व बचाव के लिए पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जिले के सभी 5 विकासखंडों में मोबाइल वेटनरी युनिट संचालित किया जा रहा है।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. नरेन्द सिंह ने बताया कि मोबाइल मेडिकल वेटनरी यूनिट द्वारा पशुओं के उपचार के साथ ही पशुओं में होने वाले बीमारियों के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया जा रहा है। उनके द्वारा प्रति दिवस 3 ग्राम का भ्रमण किया जाता है। मोबाइल वेटनरी यूनिट की कार्य अवधि सुबह 8 से शाम 4 बजे तक है। इस समय टोल फ्री नं 1962 में कॉल करके या संबंधित विकासखण्ड मोबाइल वेटनरी यूनिट के बलौदाबाजार डॉ. नेहा यादव, भाटापारा डॉ. विनय कुमार, कसडोल डॉ. दीपक दीवान, पलारी डॉ. गोपाल पटेल, सिमगा डॉ. चंद्रप्रकाश खरे से संपर्क कर मोबाइल वेटनरी यूनिट का लाभ ले सकते हैं।





# राष्ट्रीय वनोषधि संगोष्ठी में वैद्य हरबंशी प्रसाद सम्मानित

**संडी बंगला**। गोरेला-पेंड्रा रोड छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय पारंपरागत वनोषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ एवं अरपा सोन पर्यावरण सुरक्षा एवं मानव विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 8वीं राष्ट्रीय वनोषधि ज्ञान संगोष्ठी में ग्राम सण्डी, जिला बलौदाबाजार निवासी प्रशिक्षित वैद्य हरबंशी प्रसाद रात्रे को प्रमाण पत्र, साल, श्रीफल एवं नारियल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकास मरकाम, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पटेल, सचिव राजेन्द्र डेकाटे, प्रदेश अध्यक्ष संतोष स्वर्णकार सहित देशभर के 25 राज्यों से आए 600 से अधिक आयुर्वेदाचार्य उपस्थित रहे। समारोह में वनोषधि संरक्षण और पारंपरिक चिकित्सा के संवर्धन पर चर्चा हुई।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
07 नवंबर 2025 SHOW TIME
एम.ए. प्रीवियस (सीजी)
शो समय -12:00,3:00 PM
द ताज स्टोरी
शो समय - 6:00 PM, 9:00 PM
एक दीवाने की दिवानियत
शो समय - 6:00 PM
जटाधरा
शो समय - 12:00,03:00, 09:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# नगर में माता परमेश्वरी महापुराण कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर के देवांगन समाज भवन में 10 से 16 नवंबर तक माता परमेश्वरी महापुराण कथा नगर देवांगन समाज द्वारा आयोजित हो रहा है, जिसमें 10 नवंबर शाम को भव्य कलश शोभा यात्रा निकल कर नगर भ्रमण करते हुए शीतला चौक देवांगन भवन में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में सैकड़ों स्व स्वजातीय बंधुओं के साथ नगर के अन्य सामाजिक व प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए। गायक देवेश शर्मा एवं उनके टीम ने शोभा यात्रा में भव्य प्रस्तुति दी, जहां पूरा नगर उनके भक्ति गीतों से झूम उठा। शोभा यात्रा मे मां परमेश्वरी की झांकी के साथ रथ व सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश धारण किया था। यह आयोजन 10 से 16 नवम्बर तक किया जा जा रहा है। इसमें देवांगन जिला अध्यक्ष व नगर पंचायत भटगांव उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने बताया कि समाज के बिखराव, बिभिन्न विचारधाराओं को एक सूत्र में जोड़ने सामाजिक एकता व आपसी समरसता लाने समाज के नवयुवकों अपनी संस्कृति व परम्परा से जोड़ने का यह प्रयास है। परमेश्वरी पुराण में या देवांगन पुराण कथा, जिसमें सृष्टि उत्पत्ति, देवी उत्पति, देवांगन जाति की उत्पत्ति, गोत्र की उत्पत्ति, वस्त्र निर्माण, पद्मपुराण ऐसे अनेक कथाओं का वर्णन है। यह कथा प्रथम दिन कलश शोभा यात्रा, पांच दिन कथा व सातवें दिन हवन मूर्ति विसर्जन व महा भंडारा होगा।

गायक देवेश शर्मा एवं उनके टीम ने शोभा यात्रा में दी आकर्षक प्रस्तुति





## खबर संक्षेप

### जिले में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**महासमुंद**। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। 4 नवंबर से प्रारंभ इस अभियान में बीएलओ घर घर मतदाताओं तक पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। इसी क्रम में बीएलओ योजना यादव एवं सरपंच आज सुबह कलेक्टर विनय लंगेह के निवास पहुंचकर उन्हें गणना पत्र एवं घोषणा पत्र वितरित किए। इस दौरान टीम द्वारा आवश्यक जानकारी संकलित की गई। फार्म वितरण के दौरान ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच प्रमिला ध्रुव, उपसरपंच जितेंद्र साहू, किशोर ध्रुव, बीएलओ योजना यादव, पंच शिव साहू मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि जिले में 8 लाख 86 हजार 422 पंजीकृत मतदाता हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र वितरित कर रहे हैं ।


## निधन

### वेदप्रकाश साहू



**सेल**। ग्राम सेल के वेदप्रकाश साहू 30 का निधन हो गया हैं। वे उर्वशी साहू और प्रेक्षा साहू के पापा और कंचन साहू, सूरजकमल साहू के भाई तथा धनंजय साहू के पुत्र थे। उनका गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

### राम सिया वर्मा



**मुंडा**। ग्राम जामडीह निवासी राम सिया वर्मा 95 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। वे दशरथ, शारदा, प्रसाद, बग्गू, अमर सिंह, दयाराम ओमप्रकाश, भगिनी, दया कुमारी, बुधवनतीन बाई वर्मा के पिता तथा जीवराखन, फागूराम, प्रमोद, हरिशंकर, हेमलाल, मुन्ना, गोपी, अजय, बगगू, खगेश, चंद्रप्रकाश, के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को तालाब पार के मुक्तिधाम में किया गया।

### चंदूलाल मारखंडे



**बंगोली**। ग्राम बंगोली निवासी चंदूलाल मारखण्डे 78 वर्ष का 11 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे चम्पा कोसले, हेमलता लहरे, कुसुमलता बांधे शिक्षक, रानू बंजारे शिक्षक, प्रतिमा टंडन शिक्षक, मंजू बांधे शिक्षक के पिता थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक साक्षरता शिविर लगाया

# अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हाई स्कूल सकरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन तथा सचिव अमिता जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

शिविर में सचिव जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 11 नवंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय एआई और शिक्षा : स्वचालन की दुनिया में मानव एजेंसी का संरक्षण रखा गया है, जो तकनीकी प्रगति के युग में शिक्षा के महत्व पर चिंतन को प्रेरित करता है।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि यदि कोई बच्चा किसी परेशानी में हो और परिवार से साझा न कर पा रहा हो, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त कर सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में जिले के विभिन्न स्कूलों एवं संस्थानों में भी विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए गए। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिमगा योगिता जांगड़े के मार्गदर्शन में हायर सेकंडरी स्कूल कामता में शिविर हुआ। इसी प्रकार पैरालीगल वालंटियर्स द्वारा ग्राम पंचायत धोधा, जरीध, बासीन, नवागांव, हथबंद, भाटापारा, लच्छनपुर, चिरपोटा, भवानीपुर, साहड़ा एवं दुण्डरा में भी विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों व ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व और कानूनी जागरूकता से अवगत कराया गया।



### अधिनियमों की जानकारी से कराया गया अवगत

शिविर में विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार, तकनीकी शिक्षा के महत्व तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। उन्हें सोशल मीडिया पर सतर्क रहने, अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना परिवार या संबंधित प्राधिकरण को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, मोटरयान अधिनियम, रैगिंग, बाल विवाह निषेध एवं टोनही प्रताड़ना अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी गई।

## क्षतिग्रस्त सड़कों का दिसंबर में पूर्ण होगा पैच रिपयर कार्य



**बलौदाबाजार**। बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा की जा रही है। तय समय पर सड़कों का पैच रिपेयर कार्य पूरा करने के लिये फिल्ड पर कार्य प्रगति पर है।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार आगामी दिसम्बर तक जिले में 5 करोड़ 58 लाख की लागत से 85 सड़कों का पैच रिपेयर कार्य पूर्ण किया जाना है। वर्ष 2025-26 में लोक निर्माण विभाग संभाग बलौदाबाजार अंतर्गत कुल 10 अनुबंधों, अनुमानित लागत राशि 558.14 लाख के तहत 85 मार्ग, लम्बाई 540.93 किमी में बीटी पेच मरम्मत कर सुगम आवागमन हेतु कार्य प्रगति पर है। उक्त सभी सड़कों का बीटी पैच रिपेयर दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

## संयंत्र रावन में बनायेगा सीसी रोड, भूमिपूजन किया



**बलौदाबाजार**। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीएसआर के सहयोग से ग्राम पंचायत सरसेनी के वार्ड 8 में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन हुआ। इस सड़क के निर्माण से लगभग 1800 ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। सड़क निर्माण कार्य पंचायत एवं ग्रामवासियों की लंबे समय से की जा रही मांग पर स्वीकृत किया गया है। ग्रामवासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए जाने के पश्चात सीएसआर टीम ने स्थल निरीक्षण एवं आवश्यकता मूल्यांकन कर परियोजना को स्वीकृति दी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच टिकेश्वर देवांगन, उपसरपंच शारदा रजक, ग्राम के वरिष्ठजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर अल्ट्राटेक संयंत्र से सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, प्रशासनिक विभाग से मनोज पुलतामकर, सीएसआर अधिकारी रंजय पांडेय एवं टीम सदस्य ताराचंद वर्मा उपस्थित थे।

## महिला आयोग की सदस्य ने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का एक दिवसीय दौरे में सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया।

महिला आयोग के सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने सखी वन स्टॉप सेंटर के प्रकरण पंजीयों का निरीक्षण करने के साथ ही सखी में आश्रय हेतु आयी बालिका से भी चर्चा की। बालिका अपने घर नहीं जाना चाहती है, उसके लिए छात्रावास में प्रवेश दिलाने निर्देश दिए तथा समस्या होने पर सहयोग करने आश्वासन दिया।

- महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा का एक दिवसीय दौरा

उन्होंने जिला संरक्षण अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी से भी चर्चा कर जिले के पंचायत स्तर के अंतिम छोर की महिलाओं तक सखी सेंटर तथा अन्य योजनाओं की जानकारी पहुंचाने अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये।



जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार ने बताया कि जनप्रतिनिधि को घरेलू हिंसा से पीड़ति महिलाओं हेतु संचालित नवाबिहान योजना एवं महिला सशक्तिकरण तथा बाल संरक्षण संबंधी योजना विभागीय योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के कार्यकलापों की जानकारी देते हुए सखी वन स्टॉप सेंटर में किसी हिंसा से पीड़ति महिलाओं बालिकाओं जिनके साथ हिंसा हो रही हैं या होने की संभावना होती हैं ऐसी महिलाएं या बालिकायें सखी वन स्टॉप सेन्टर में संरक्षण आश्रय ले सकती है। इसमें उन्हें पांच दिन तक निःशुल्क आश्रय, खाना, काउसिलिंग, चिकित्सा, विधिक सहायता प्रदान की जाती हैं।

निरीक्षण के दौरान जिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भारत माता सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने रोपे 700 पौधे और किया तारफेसिंग

**अर्जुनी**। भारत माता सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम अर्जुनी प्रकृति प्रेमियों के दृढ़ संकल्प से एक नया आयाम रचने लगा है। ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं द्वारा नवा तालाब स्थित खाली भूमि पर 600 से 700 पौधे प्रतिदिन समयदान कर रोपित कर दिया गया। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर तारफेसिंग का भी व्यवस्था की गई। इतना ही नहीं इस अभियान में ग्रामीण व युवा वर्ग भी सहर्ष अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं, चाहे व किसी भी प्रकार का सहयोग हो। इसी तारतम्य में व्यवसायी शैलेश जैन ने भी ट्रस्ट को गार्डन पाइप प्रदान किया, तो शासकीय कृषि केंद्र के अधिकारियों द्वारा पौधों के संरक्षण हेतु बांस प्रदान किया। इस कड़ी में ट्रस्ट के डमरूधर वर्मा, प्रमोद कुमार जैन, शंकर लाल रजक, चिंतामणि साहू ,संतोष वर्मा, मोहन लाल वर्मा, श्रवण निषाद, फुलसिंग साहू की भूमिका सराहनीय रही।



## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले में 98 बच्चों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

यहां के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों न्यू विस्टा सीमेंट रिसदा, श्री सीमेंट सेम्हराडीह, अल्ट्राटेक वर्कस रावन, नुवोको सीमेंट सोनाडीह एवं अम्बुजा सीमेंट रवान शामिल हुए। मेले में विभिन्न ट्रेडों के 98 बच्चों ने भाग लिया।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के प्रवर्तन अधिकारी गोपाल प्रसाद देवांगन द्वारा उपस्थित सभी नियोक्ता प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षणार्थियों को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कर्मचारी एवं नियोक्ता को मिलने वाले लाभ के संबंध में बताया गया। इस दौरान अधिक से अधिक योजना का लाभ प्राप्त करने अपील की गई।

इस अवसर पर एचआर न्यू विस्टा सीमेंट रिसदा से रिषीकेश मौर्य एवं निलेश धाकड़, श्री सीमेंट जोबनजीत सिंह, अल्ट्राटेक वर्कस रावन हरीश वर्मा, नुवोको सीमेंट सोनाडीह बीबी मिश्रा एवं अम्बुजा सीमेंट रवान संजय दास एवं चंद्रशेखर सहित संस्था के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।







### 16.69 लाख रुपए की लागत से बनेगी सीसी रोड

# नगर में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका द्वारा 16.69 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने संयुक्त रूप से भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

निर्माण कार्य के अंतर्गत रेलवे पुल तक 5.77 लाख की लागत से तथा बजरंग चौक तिराहा तक 10.92 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा।

यह परियोजना क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए आवागमन को सुगम बनाएगी तथा वार्ड के समग्र विकास में नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



शिवरतन शर्मा ने कहा भाटापारा नगर में विकास की गति निरंतर बढ़ रही है। प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता है। यह सड़क निर्माण कार्य जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के समग्र विकास का प्रतीक है।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा नगर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। यह निर्माण कार्य स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा देगा और क्षेत्र के सौंदर्यीकरण में भी योगदान करेगा।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़यि, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, कुंजराम कोशले, पूर्व जिलामहामंत्री राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, पार्षद उमाशंकर वर्मा, नंद किशोर वैष्णव, सतीश साहू, बब्बू मंधान, गोवर्धन डहरिया, बंटी टंडन, भुवन सिंह ठाकुर, श्रेणिक गोलछा, देवेंद्र साहू, प्रकाश ठाकुर, शुभम राजपूत, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत आदि उपस्थित थे।

